तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जून 2026

10 उप मुख्यमंत्री साव ने किया बायपास रोड का निरीक्षण



11 सिंदूर वाटिका में रोपे गए पौधे





## खबर संक्षेप

### धरती की पूजा के बाद किया गया पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल**। तहसील दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्राम मेड़ो में इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित हो कर जलवायु एवं हमारे भविष्य के लिए को ध्यान में रखने को लेकर गोयल ग्रुप के माध्यम से फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के पहले धरती माता की पूजा की गई। कार्यक्रम में रवि तिवारी, अतुल जैन और मिथुन दास के अलावा मेड़ो सरपंच रामशिला कोमरा, भगवानी राम सिन्हा के साथ-साथ मेड़ो स्कूल के प्राचार्य हेमन्त श्रीवास्तव एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधिक शिविर में दी अधिकारों की जानकारी



**कांकेर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिदेसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार टामक के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति प्रभु जैन के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में बीज छिड़काव किया गया। कार्यक्रम में विधिक स्वयंसेवक भक्त प्रहलाद सिंहा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। कोरर थानांतर्गत कांटगांव निवासी 19 वर्षीय रीना कुंजाम पिता विष्णु कुंजाम का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत रोड एक्सीडेंट के कारण गढ़पिछवाड़ी निवासी 22 वर्षीय अविनाश समरथ पिता भुपेंद्र का 4 जून को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जनसेवा ने बढ़ाया मदद के लिए हाथ



**कांकेर**। ज्वाहर वार्ड निवासी रुपेश सेन एवं स्वेता सेन की चार वर्षीय पुत्री वेदांती सेन के उपचार के लिए जनसेवा संस्था ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है। गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रही वेदांती न तो चल सकती है और न ही बोल पाती है। परिजनों की अपील पर संस्था के पदाधिकारी परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रभुराम शांडिल्य, अनंत बलिहारी एवं रामशरण साहू ने वेदांती के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# दुर्गूकोंदल में एक्सपायरी दवाइयां वितरित, मरीजों से खिलवाड़, फार्मासिस्ट पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को समय सीमा समाप्त (एक्सपायरी) हो चुकी दवाइयों के वितरण जैसी गंभीर लापरवाही के आरोप सामने आने से दुर्गूकोंदल के स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पूरे मामले ने न केवल क्षेत्रीय स्तर पर बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह घटना मरीजों की सुरक्षा से सीधे जुड़ी हुई है, इसलिए इसकी गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ मरीजों को ऐसी दवाइयाँ दी गईं जिनकी समय सीमा समाप्त हो चुकी थी। इस घटना की जानकारी जब जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों को मिली तो उन्होंने तत्काल इस पर आपत्ति जताते हुए संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और तत्काल एक जांच टीम का गठन किया गया। इस जांच टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, दवा भंडार की स्थिति की जांच की तथा संबंधित दस्तावेजों को खंगाला। इसके साथ ही मरीजों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। जांच पूरी होने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट सीएमएचओ को शुक्रवार 5 जून को देर शाम सौंप दी है। हालांकि रिपोर्ट के विस्तृत निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की प्रक्रिया तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## जाँच टीम ने सौंपी रिपोर्ट, कार्रवाई के लिए आज आदेश संभव



### जिम्मेदार पर कार्रवाई होना तय

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है और रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

## कांकेर शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी जताई चिंता, अगली बार औचक निरीक्षण की दी चेतावनी

# विकास कार्यों में देरी पर उपमुख्यमंत्री का एक्शन मोड, ठेकेदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को कांकेर प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के हित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरे होने चाहिए।

- निर्माणाधीन नालंदा परिसर व अमोड़ा-नरहरपुर सड़क निर्माण का लिया जायजा

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव सबसे पहले नगर के घड़ी चौक के समीप निर्माणाधीन नालंदा परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होने जानना चाहा कि एग्रीमेंट कब हुआ और इसे कब तक पूरा करना था और देरी के कारण की पूछपरख किया।

अधिकारियों ने कहा कि दिसंबर पर पूरा हो जाएगा, परंतु उन्होने कार्य एजेंसी और नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि अक्टूबर 2026 तक हर हाल में नालंदा परिसर का निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि विद्यार्थियों और युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही इसे स्थायी बनाया जा सकता है। उन्होंने नगरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, नगर पालिका के पार्षद, भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### गली या मोहल्ले का करेंगे औचक निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगली बार कांकेर प्रवास के दौरान शहर की किसी भी गली या मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया जाएगा। यदि कहीं गंदगी, अव्यवस्था या अस्वच्छता मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय होने के नाते कांकेर शहर की पहचान स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर के रूप में होनी चाहिए।

### अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग की धीमी गति पर जताई नाराजगी

नालंदा परिसर के उपरांत उपमुख्यमंत्री अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता तथा निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 16 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण की पूर्णता अवधि फरवरी 2027 निर्धारित की गई है और वर्तमान में पुलियों के निर्माण का कार्य चल रहा है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून शुरू होते ही निर्माण कार्य प्रभावित होगा, इसलिए बारिश से पहले अधिक से अधिक कार्य पूर्ण करने की रणनीति बनाई जाए। उन्होंने अतिरिक्त मानव संसाधन, मशीनरी और तकनीकी संसाधन लगाकर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में देरी से जनता को होने वाली परेशानी स्वीकार्य नहीं है।



## रास्ता रोककर युवक पर जानलेवा हमला, दो पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर**। शादी समारोह से लौट रहे एक ग्रामीण पर रास्ता रोककर पत्थर और डंडे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम हानपतरी निवासी 35 वर्षीय छगनलाल गावड़े पिता प्रभूराम गावड़े ने पुलिस को बताया कि 4 जून को ग्राम दरपट्टीपारा कराठी में शादी टिकावन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक शराब के नशे में हंगामा और गाली-गलौज कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा समझाइश देने पर वे वहां से चले गए, लेकिन बाद में शादी समारोह से लौटने वाले लोगों को रास्ते में रोककर परेशान करने लगे। वह 5 जून की रात करीब ढाई बजे अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान नयापारा कराठी स्थित रंगमंच के पास कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। वहां मौजूद युवक एक-दूसरे को पदुम गुप्ता और राकेश नाम लेकर बुला रहे थे। इसी बीच आरोपियों ने यह भी शादी घर से आ रहा है, इसे जान से मार देते हैं कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और पत्थर तथा डंडे से हमला कर दिया। हमले में मेरे सिर, चेहरे और पीठ पर चोटें आईं। घटना को मौके पर मौजुद लोगो ने बीच-बचाव कर आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पदुम गुप्ता और राकेश के साथ अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## रास्ते पर निर्माण सामग्री को लेकर विवाद फिर मारपीट, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तेलावट में रास्ते पर रखी निर्माण सामग्री को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। युवक और उसकी मां पर एक 20 वर्षीय युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेलावट निवासी 20 वर्षीय गीतेश्वर कुमार पाल पिता हेमंत कुमार पाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि 2 जून की रात लगभग साढ़े 8 बजे वह खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला संजय कुमार चुरेन्द्र वहां पहुंचा और घर का पिछला दरवाजा बंद करने की बात को लेकर विवाद करने लगा। शिकायत के अनुसार संजय कुमार का कहना था कि वहां उनकी रेत और पत्थर रखे हुए हैं, इसलिए दरवाजा बंद रखा जाए। इस पर गीतेश्वर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि निर्माण सामग्री रास्ते में रखी गई है, ऐसे में वे अपना दरवाजा क्यों बंद करें। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर संजय कुमार चुरेन्द्र गुस्से में आ गया और गालियां देते हुए गीतेश्वर को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर संजय कुमार की मां महेतरीन बाई भी मौके पर पहुंच गईं। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने बीच-बचाव करने के बजाय उसे गालियां दीं और धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट में शामिल हो गईं। मारपीट की इस घटना में गीतेश्वर कुमार पाल के गले के पीछे, बाएं हाथ की भुजा तथा सीने पर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने कोरर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।



## शराब दुकान में घुसकर गाली-गलौज एवं मारपीट, आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बसंत नगर स्थित शासकीय विदेशी मदिरा दुकान में कार्यरत एक सेल्समैन के साथ गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

- आप पार्टी के प्रदेश सचिव के खिलाफ विवेचना शुरू

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे प्रार्थी बस्तर जिला के मारडूम थानांतर्गत ग्राम धर्माबेड़ा निवासी 27 वर्षीय भगत सिंह कश्यप पिता लोकनाथ कश्यप ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में भानुप्रतापपुर स्थित शासकीय विदेशी मदिरा दुकान में सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। दुकान संचालन के दौरान आम आदमी पार्टी के सचिव हरेश चक्रधारी नशे की हालत में दुकान पहुंचे और शराब के मूल्य को लेकर विवाद करने लगे। बहस के दौरान हरेश चक्रधारी ने गालियां देते हुए दुकान के मुख्य गेट पर लात मारकर अंदर प्रवेश किया तथा मेरा कॉलर पकड़कर बाहर ले जाने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपी ने काउंटर में रखी मशीन को भी उठा लिया, जिसे उसके हाथ से वापस छीन लिया। आरोपी लगातार गाली-गलौज करते हुए स्वयं को स्थानीय प्रभावशाली व्यक्ति एवं आम आदमी पार्टी का नेता बताते हुए धमकी देने लगा। उसने कहा कि वह मुझे जान से मार सकता है और शव उसके गृह क्षेत्र भेज देगा। इसके साथ ही शिकायत करने पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई न होने की बात कहकर डराने-धमकाने का प्रयास किया। यदि मेरे साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी हरेश चक्रधारी की होगी।




## सौर ऊर्जा लाइट योजना भी है अधूरी

# आँखीहर्रा में नल-जल योजना अधूरी, घरों तक नहीं पहुंचा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्राम पंचायत आँखीहर्रा में आज तक धरातल पर सफल होते नजर नहीं आ रही है। लाखों रुपए की लागत से निर्मित जलापूर्ति योजना आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करा सकी है। स्थिति यह है कि जिस पानी टंकी के सहारे गांव के हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना दिखाया गया था, वही टंकी अब जर्जर होकर जगह-जगह से चटक चुकी है और लगातार पानी रिस रहा है। दूसरी ओर गांव में सौर ऊर्जा लाइट योजना भी अधूरी पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचात आँखीहर्रा के सरपंच हरदेव कुंजाम ने बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व गांव में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। योजना का उद्देश्य पाइपलाइन के माध्यम से प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाना था, लेकिन निर्माण के कुछ समय बाद ही टंकी में दरारें दिखाई देने लगीं।




वर्तमान में टंकी कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और उसमें से लगातार पानी रिस रहा है। इसके कारण योजना का पूरा उद्देश्य ही अधूरा रह गया है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। यही वजह है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद योजना शुरू होने से पहले ही विफल साबित हो गई। गांव के किसी भी घर तक नियमित रूप से नल के माध्यम से पानी नहीं पहुंच पाया है। पेयजल की आवश्यकता पूरी करने के लिए ग्रामीण आज भी हैंडपंपों और अन्य पारंपरिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं।

### सौर उर्जा लाइट पर उठाए सवाल

सरपंच ने गांव में सौर ऊर्जा लाइट योजना की धीमी प्रगति पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आसपास के अधिकांश गांवों में सोलर लाइट लगाने का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन आँखीहर्रा पंचायत में यह योजना अब तक अधूरी पड़ी हुई है। कई स्थानों पर सामग्री पहुंचने के बावजूद स्थापना कार्य पूरा नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई की उठी माँग

ग्रामीणों ने बताया की अधूरे कार्यो की जानकारी संबंधित विभाग को मौखिक रूप से कई बार संज्ञान में लाया गया, परंतु विभाग ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि दोनों योजनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय की जाए तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## अनियंत्रित बाइक ने स्कूटी को मारी ठोकर, दो महिलाएं गंभीर

**कांकेर**। थाना पखांजुर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना में घायल महिलाओं का उपचार रायपुर के एम्स अस्पताल में कराया गया। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पीव्ही 52 जयपुर निवासी 35 वर्षीय जयंत बाला ने पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर 2025 की रात लगभग साढ़े 8 बजे उनकी बहन तृष्णा बाला एवं दीदी सुष्मिता राय स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीपी 8948 से अपने ससुराल पीव्ही-56 से पखांजुर स्थित घर लौट रही थीं। इसी दौरान शनि मंदिर और पीव्ही-31 के बीच मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल चालक पीव्ही 10 कृष्णानगर निवासी सुबीर सरकार ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 19 बीआर 7712 को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में सुष्मिता राय और तृष्णा बाला के सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर स्थित एम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों के अस्पताल में भर्ती रहने के कारण घटना की रिपोर्ट तत्काल दर्ज नहीं हो सकी। उपचार के बाद जयंत बाला ने 4 जून 2026 को थाना पखांजुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी बाइक चालक सुबीर सरकार के खिलाफ धारा 281 एवं 125 (क) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



खबर संक्षेप

## खरीफ सीजन की तैयारी तेज, किसानों को समय पर मिल रहा खाद–बीज



**कोण्डागांव।** सोनाबाल समिति पहुंचे किसान रामप्रसाद सेठिया और खुरसु राम कोर्राम को खरीफ फसल की तैयारी के लिए समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया गया। जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों की मांग के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित अन्य कृषि आदानों का वितरण किया जा रहा है, जिससे खेती कार्य समय पर शुरू हो सके। बीज निगम कोण्डागांव द्वारा धान की उन्नत एवं प्रमाणित किस्मों के बीजों के साथ–साथ ढैंचा और मूंग जैसे हरी खाद बीजों का भी पर्याप्त भंडारण किया गया है। कृषि विभाग किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इनके लाभों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार नैनो उर्वरकों के प्रयोग से उत्पादन बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति सुधारने और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है।

## बस किराया और महंगाई के खिलाफ सीपीआई का प्रदर्शन



**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई ने बस्तर संभाग में बस किराए में हुई वृद्धि और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी कोंडागांव को सौंपा। पार्टी ने कहा कि बस किराए में की गई भारी बढ़ोतरी से किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सीपीआई नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में रायपुर, बिलासपुर और अन्य प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए बस सेवा ही मुख्य परिवहन साधन है। ऐसे में प्रति यात्री 200 से 250 रुपये तक किराया बढ़ाया जाना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। पार्टी का कहना है कि पहले से ही खाद्य सामग्री, खाद्य तेल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे समय में बस किराए में बढ़ोतरी ने किसानों, मजदूरों, मरीजों और विद्यार्थियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने तथा विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक आने–जाने में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सीपीआई राज्य परिषद छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव एवं बस्तर संभाग संयोजक तिलक पाण्डे के निर्देशन में जिला सचिव शैलेष, जिला सहायक सचिव दिनेश कुमार मरकाम, लक्ष्मण महावीर, दुबेश मरकाम, बिसम्बर मरकाम, मानसिंह, सोमारु गावड़े, सुधरन, सुदान, केशव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पर्यावरण दिवस: कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, स्कूलों व संस्थाओं में विविध आयोजन

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि और भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंडल केशकाल द्वारा ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम रहे। लम्बोदर सलाम मण्डल अध्यक्ष केशकाल भाजपा, पार्षदों में भूपेश चंद्राकर, नम्रता भारद्वाज, महेश कुमार तारम, एवं वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, गीता ध्रुव, कमला नेताम, चमन नाग,ईश्वर बैश उपस्थित रहे। अध्यक्षता वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम ने की। उप वनमंडलाधिकारी सुषमा जे. नेताम, एस.डी.एम. केशकाल आकांक्षा नायक, एचडीएफसी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की भी मौजूदगी रही।

शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के संदेश के साथ किया गया। ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी में नवनिर्मित बाल उद्यान का लोकार्पण विधायक नीलकंठ टीकम ने किया। बाल उद्यान से क्षेत्र के बच्चों एवं पर्यटकों को मनोरंजन एवं प्रकृति से जुड़ने का एक नया केंद्र प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत अतिथियों, अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण निर्माण का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन की भावना को सशक्त बनाने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाकर परिसर की साफ-सफाई की गई। जिसमें कुल कंचरा कूड़ा संग्रहण 150किलो रहा। कार्यक्रम में विधायक श्री टेकाम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

- पर्यावरण संरक्षण, पौधों की सुरक्षा का दिलाया गया संकल्प

प्लास्टिक प्रदूषण को पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसके उपयोग को कम करने तथा प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण, स्वच्छता एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। विधायक ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं ग्रामीणजनों को ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी को प्लास्टिकसे अगले 15/08/2026 स्वतंत्रता दिवस तक मुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समापन पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बेलगांव डीएवी स्कूल में विधायक लता ने रोपे पौधे




**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बेलगांव स्थित डीएवी स्कूल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी, वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सहित जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

विद्यालय परिसर में निर्मित ग्रीन बाउंड्री वॉल एवं फेंसिंग के मध्य विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि विद्यालयों को हराभरा और पर्यावरण अनुकूल बनाना बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय संस्थानों में चरणबद्ध रूप से ग्रीन बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा।

वनमंडलाधिकारी श्री चूड़ामणि ने विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सभी ने परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने तथा पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## विधायक उसेण्डी ने लगाया आम का पौधा

**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने शुक्रवार को जिला कार्यालय परिसर में आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक सुश्री उसेण्डी ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण के लिए अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इससे न केवल हरियाली बढ़ती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।



## जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर-एसपी ने किया पौधरोपण

**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।



पौधरोपण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्रा—तिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति जनजागरुकता का संदेश दिया गया।

## मुक्तिधाम में गूंजा हरियाली का संदेश



**फरसगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत द्वारा बड़ेडोंगर रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सीएमओ मयंक बसंतवानी, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण सिंह बदेशा, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, दीपेंद्र मसीह सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियां की उपस्थित रही। सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने और क्षेत्र को अधिक हरित बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। मुक्तिधाम परिसर में किए गए पौधारोपण से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

## न्यायिक अधिकारी- कर्मियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, रोपे पौधे




**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रिगरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान हर्रा, बहेड़ा, साल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश



विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल तथा न्यायालयीन कर्मचारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण को जनआंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करना था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश दिया।



## पर्यावरण की रक्षा किसी एक की नहीं यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: गुप्ता

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को 227 बटालियन सीआरपीएफ हेडक्वार्टर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भव्य हरित अभियान की शुरूआत की गई।

पौधारोपण अभियान के दौरान कमाण्डेंट गोपाल कुमार गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष की वैश्विक थीम को ध्यान में रखते हुए 227 बटालियन तोंगपाल द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और दैनिक जीवन में सस्टेनेबल (सतत) प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कमाण्डेंट गुप्ता द्वारा दीर्घजीवी पेड़ के पौधे को लगाकर अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा पर्यावरण की रक्षा किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है हमारा लक्ष्य सिर्फ आज के दिन पेड़ लगाना नहीं है बल्कि एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाना है जहां प्रकृति और प्रगति दोनों एक साथ-साथ चल सके। इस अवसर पर 227 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर 160 से अधिक पौधे लगाए। अभियान के दौरान कमाण्डेंट गोपाल कुमार गुप्ता के अलावा सीएमओ एसजी डॉ विशाल मल्होत्रा, द्वितीय कमान अधिकारी संजीव सिंह, सीएमओ ओजी डॉ अमरनाथ कुमार, उप कमाण्डेंट शशिकांत राय, सहायक कमाण्डेंट कमलेश कुमार साहू समेत अधीनस्थ कर्मचारी व बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## बैजनपुरी पंचायत सचिव को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत बैजनपुरी के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव के स्थानांतरण एवं कार्यप्रणाली की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर पहुंचकर सीईओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच कुछ समय तक बहस की स्थिति भी निर्मित हुई। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव के कार्यों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव लंबे समय से एक ही पंचायत में पदस्थ हैं तथा पंचायत से जुड़े कार्यों के संचालन में कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने सचिव के स्थानांतरण और मामले की जांच की मांग की है। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में कहा है कि पंचायत स्तर के विभिन्न कार्यों, दस्तावेजों और योजनाओं से जुड़े मामलों में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सचिव के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर भी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जब वे अपनी शिकायत लेकर सीईओ से मिलने पहुंचे तो उनकी बातों को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यालय परिसर में लगभग 20 मिनट तक चर्चा और विवाद की स्थिति बनी रही, जिसके बाद मामला शांत हुआ। ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन में कुछ अन्य प्रशासनिक मुद्दों और विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें भी उठाई गई हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका था। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों में ग्राम सरपंच सतीश कोरेटी, उपसरपंच द्वारिका प्रसाद यदु, ग्राम पटेल दुर्गा प्रसाद केमरो, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष माखन नेताम, तिलक सोरी, उत्तम सिन्हा, दानेश्वर बंजारे, किशोर ठाकुर, युवा संगठन अध्यक्ष सुरेश चक्रधारी, दीनानाथ दर्रो, मनोज भोयना, रामनाथ कोरेटिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

केशकालवासियों को जल्द मिलेगी बेहतर सड़क, ग्रामीणों महिलाओं से भी की चर्चा

# उप मुख्यमंत्री साव ने किया बायपास रोड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

डिप्टी सीएम अरुण साव नगर के निर्माणाधीन बाइपास मार्ग, नवनिर्मित सड़क और ग्राम बेड़मा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और नगर की सड़क चौड़ीकरण व नाली निर्माण कार्य को जल्द स्वीकृति दिलाने का भरोसा दिलाया। जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीण महिलाओ से भी मुखातिब हुए। इस दौरान उनके साथ विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, सरपंच लंबोदर सलाम एवं कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना भी मौजूद रहीं।

चार दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री साव शुक्रवार को केशकाल पहुंचे। यहां उन्होंने



सबसे पहले निर्माणाधीन केशकाल बाइपास मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति, भूमि अधिग्रहण और पेड़ों की कटाई सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर की मुख्य सड़क का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल नगर की सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर जल्द कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केशकालवासियों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा की सौगात मिलेगी।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री ग्राम बेड़मा पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर घर तक नल जल योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर ग्रामीणों को नल जल योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना लक्ष्य

मीडिया से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि विधायक टेकाम द्वारा केशकाल-विश्रामपुरी मार्ग के चौड़ीकरण तथा केशकाल नगर की सड़क एवं नाली निर्माण की मांग रखी गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार से पत्राचार करने और विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द आवश्यक स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे और लोगों को इसका सीधा लाभ मिले।

## ग्रामीण बैंक में लिंक फेल होने से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोली गई कुआकोंडा ग्रामीण बैंक से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में आए दिन लिंक फेल होने से दूर-दराज के गांवों से आने वाले ग्राहकों को बिना काम के वापस लौटा दिया जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच कई किलोमीटर का सफर तय कर बैंक पहुंचने वाले ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ताजा मामला गढ़मिरी गांव की एक महिला का है जो आर्थिक जरूरत के लिए बैंक पहुंची थी। महिला लगातार दो दिनों से बैंक के चक्कर काट रही है लेकिन हर बार उसे लिंक फेल होने की बात कहकर लौटा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई एक दिन की समस्या नहीं है बल्कि बैंक में अक्सर यही स्थिति बनी रहती है। परिणामस्वरूप मजदूर, किसान, पेंशनधारी और अन्य खाताधारक समय और पैसा दोनों गंवाने मजबूर हैं।



**खबर संक्षेप**

## इको क्लब शुरू करेगा ग्रीन समर कैंप

जगदलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर एक अनूठी पहल शुरू की गई है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्थापित इको क्लबों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विविध गतिविधियों की शुरूआत की जा रही है। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ और भारत सरकार के निदेशानुसार यह पूरा आयोजन मिशन लाइफ के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और जलवायु परिवर्तन के प्रति जिम्मेदारी व जागरूकता का भाव विकसित करना है। विश्व पर्यावरण दिवस की मुख्य थीम जलवायु परिवर्तन निर्धारित की गई है। इस विषय पर छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत विद्यालयों में वृक्षारोपण, सीड बॉल निर्माण, स्वच्छता अभियान, पक्षी व जल संरक्षण, जैव विविधता अध्ययन और पर्यावरण शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्वक एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया है। 5 जून से 30 जून तक ग्रीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़ने के लिए सात विषयों पर आधारित व्यावहारिक और मनोरंजक गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके तहत प्रत्येक शाला को दिए गए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधे लगाए जाएंगे और पिछले वर्षों की तरह इस सत्र में भी रोपे गए पौधों के जीवित रहने व उनकी नियमित देखरेख की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

## महंगाई भत्ते के लिए प्रदेशव्यापी प्रदर्शन 10 को



जगदलपुर। प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बस्तर जिला अंतर्गत विकासखंड लोहंडीगुड़ा इकाई का विधिपूर्वक गठन किया गया है। संगठन को मजबूती देने के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुरेश खापर्डे को ब्लॉक अध्यक्ष, जितेन्द्र स्वर्णकार को ब्लॉक सचिव और पूर्ण प्रकाश टंडन को ब्लॉक कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनिर्वाचित बस्तर जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें कर्मचारी और संगठन के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने विकासखंड के सभी शासकीय कर्मचारियों से एकजुट और संगठित होने का आह्वान किया। कार्यकारिणी गठन के दौरान प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने वर्तमान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों से कई लोक-लुभावन वादे किए थे। आज सरकार को आए ढाई वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन कर्मचारियों से किया गया एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है। सरकार की इस वादाखिलाफी से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसी आक्रोश के चलते छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आगामी 10 जून को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर एक बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202602140100045/बी-121/2025-26
ग्राम- साल्हे प.ह.न.- 01 साल्हे

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम साल्हे के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदिका मोनू सोनी पति पुरषोत्तम लाल सोनी जाति सोनार निवासी सम्बलपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम साल्हे स्थित अपने भूमिस्वामी हक की आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 688/1 रकबा 0.40 हेक्टर परिवर्तित लगान 2259.00 रूपये एवं खसरा नंबर 688/2 रकबा 0.40 हे. की भूमि को अपने आर्थिक गतिविधि/ व्यवसाय हेतु ऋण राशि के प्रतिभूति स्वरूप सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक शाखा धमतरी में बंधक रखने हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा धमतरी के पास बंधक रखने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 20.06.2026 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

# पर्यटन स्थलों व सार्वजनिक क्षेत्रों से प्लास्टिक, अपशिष्ट पदार्थों का किया संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के तीरथगढ़ में शुक्रवार को प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, भविष्य के लिए थीम पर स्वच्छता अभियान में वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तीरथगढ़ के सरपंच मंगलूराम एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में ईको-विकास समितियों, नेचर गाइड, जिप्सी एवं बम्बू राफ्टिंग समितियों, स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। शुक्रवार को तीरथगढ़, कामनार, पेदावाड़ा, कुटुमसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पर्यटक स्थलों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों का संग्रहण किया गया। कोलेंग रेंज के रेंजर श्री कश्यप ने कार्यक्रम का समापन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता की सराहना की। कुटुमसर रेंज की रेंजर नीतू सिंह ठाकुर ने अपने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के मंच का संचालन वैष्णवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुटुमसर रेंज के डिप्टी रेंजर संतोष काछी एवं परविंद्र राय, कोलैंग रेंज के डिप्टी रेंजर प्रभु एवं निशाद अधिकारी, मैदानी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर को नेतानार में क्रेटिव कांगेर थीम के अंतर्गत बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर तीरथगढ़ में हुआ स्वच्छता अभियान व जन-जागरूकता कार्यक्रम

### पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम

ग्राम पंचायत तीरथगढ़ के सरपंच ने स्वच्छता बनाए रखने एवं कचरे के उचित निपटान की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं स्थानीय समुदाय, बम्बू राफ्टिंग समिति, ईको-विकास समितियों एवं अन्य पर्यटन समितियों के प्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।








### वृक्ष मानव जीवन का आधार

एसडीओ श्री तिवारी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा कोविड काल ने सभी को ऑक्सीजन के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे भविष्य की सुरक्षा करते हैं, इसलिए उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

## सांसद, कलेक्टर, एसपी व सीईओ ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# सिंदूर वाटिका में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार शाम सिंदूर वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनजातीय गौरव वाटिका के सामने स्थित सिंदूर वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद बस्तर महेश कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, वन विभाग के अन्य अधिकारियों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमी एवं नागरिकों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**बस्तर को हरा-भरा बनाने प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया कदम**






# पौधों की देखभाल और सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : कलिहारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव के शाला परिसर एवं बगीचे में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाना था। शुरूआत मुख्य अतिथि राजेंद्र कलिहारी ने पौधरोपण कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या मोनिता पाणिग्रही ने की जिनके मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के भरपूर सहयोग और वन अधिकारी आर. एल. बंजारे के प्रयासों से आसना पार्क की नर्सरी से 50 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। ये सभी 50 पौधे मनरेगा योजना के अंतर्गत विद्यालय को प्रदाय किए गए थे। पर्यावरण संतुलन और परिसर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से अमरूद, करंज, अर्जुन जामुन, मिनी गुलमोहर, काजू के पौधे थे। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर और सहायक कार्यक्रम अधिकारी लोकेश्वर निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गड्ढे तैयार करने से लेकर पौधों को रोपने और उन्हें सुरक्षित करने का जिम्मा संभाला। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और स्वयं पौधरोपण किया।

- शासकीय विद्यालय करीतगांव में पर्यावरण दिवस मनाया गया



### प्राचार्या ने छात्रों को दिलाया संकल्प

मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रोपे गए पौधों को जीवित रखने और उनकी नियमित देखरेख करने का संकल्प लिया।

# बिल्लोरी में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम बिल्लोरी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एस.बी.आई.फाउंडेशन के सहयोग से एवं परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 81 ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। शिविर की शुरूआत में परिवर्तन समाज विकास समिति के कार्यकतार्ओं ने ग्रामीणों को हमारी धरती, हमारा भविष्य थीम पर जानकारी दी। शिविर के दौरान गांव के सार्वजनिक स्थलों पर 20 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। हर प्रतिभागी को एक पौधे की जिम्मेदारी दी गई। सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की ग्रामीणों ने शपथ ली। वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल स्रोतों को बचाने के उपाय बताए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं वृक्षों के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। साथ ही जनसामान्य को जागरूक किया गया।वहीं महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के विषय में डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्हें माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं निपटान तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में बताया गया।परियोजना समन्वयक सूरज पटनायक ने बस्तर के दूरस्थ गांवों तक स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण चेतना पहुंचाने की बात कही। सरपंच उमन बघेल सचिव कमल किशोर कश्यप, जनपद सदस्य फूल कुमारी बघेल, मितानिन लक्ष्मी देवांगन, चंपा कश्यप, हेमवती कश्यप, डॉ हिरमा मरकाम, फार्मासिस्ट रविन्द्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स सनबारी बघेल पायलट अशोक बघेल उपस्थित रहे।

- सार्वजनिक स्थलों पर 20 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए

## सीआरपीएफ ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

# आने वाली पीढियों के लिए बेहतर वातावरण बनाते हैं पेड़ः रंजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें केवल स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। यह कहना था डीआईजी सीआरपीएफ मानस रंजन का जो उन्होंने लालबाग उद्यान में वृक्षारोपण के अवसर पर कही।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगदलपुर रेंज के सीआरपीएफ बल द्वारा एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डीआईजी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढाने की दिशा में जन जागरूकता फैलाना है।

इस अवसर पर रेंज कार्यालय केरिपुबल जगदलपुर के डीआईजी मानस रंजन के नेतृत्व में लाल बाग उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान टूआईसी दिनेश कुमार सिंह, मनीष सक्सेना, उप कमाण्डेंट एन्थोनी एम., सहायक कमाण्डेंट एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाये।

- डीआईजी के नेतृत्व में लालबाग उद्यान में लगाए गए फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे



### पौधों के नियमित देखभाल का लिया संकल्प

वृक्षारोपण के अवसर पर डीआईजी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से बल के जवानों ने स्थानीय नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा अधिकाधिक पौधारोपण करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।



## विद्यार्थियों के जन्मदिन पर लगाए जाएंगे नीम, जामुन और मुनगा के पौधे

जगदलपुर। शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के प्राचार्य दीपक कुमार घोष मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण दिवस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते बताया कि आज वैश्विक तापमान में वृद्धि और बढ़ता हुआ प्रदूषण चिंता का विषय है। इसका मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल, गैंस जलने से हर साल 37 अरब टन सीओ 2 का उत्सर्जन हो रहा है। और सीओ 2 को सोखने वाले वनो की कटाई से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसका एक ही समाधान है हर व्यक्ति एक पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी ले। वनों की कटाई से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा।

# मेडिकल कालेज में लगाए गए 100 से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण किया। पौधारोपण अभियान के अंतर्गत जामुन, आम, नीम, कदम, करंज ,इमली, मौलश्री सहित क्षेत्र की पारिस्थितिकी के लिए महत्वपूर्ण देशज प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। महाविद्यालय के डीन डॉ प्रतीक बेक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से प्रकृति के प्रति जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का सतत प्रयास है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चिकित्सकगण, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रदीप बेक, डॉ. कमलेश ध्रुव, डॉ. डी. आर. मंडावी, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. प्रशांत अनीप्पु, डॉ. बिथिका नेल कुमार, डॉ. शालिनी जैन, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. शरद देशमुख, डॉ. ए. एस. ठाकुर, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. निखार देवांगन, डॉ. प्रशु वर्मा, डॉ. मितेश सिंह एवं डॉ. जैस्वी वर्मा तथा इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने जानकारी दी।



# विश्वविद्यालय में हुआ पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर एवं बालक छात्रावास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण तथा युवाओं में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। विश्वविद्यालय परिसर में फलदार पौधे का रोपण किया गया विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी द्वारा जामुन का फलदार पौधे लगाए, प्रोफेसर शरद नेमा, डॉ. सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस, डॉ. विनोद सोनी, विजय भारत पर्यावरण विद, डॉ. मेक्सुदन, डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, डॉ. कृष्णा वर्मा, प्रेम जीत निराला, देवेन्द्र दुर्गे ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभागाध्यक्ष ने वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा युवा पीढ़ी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।




सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## दिन विशेष : मोदी शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया शानदार आयोजन

# भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर ने मनाया पर्यावरण दिवस, किया पौधारोपण

**खबर संक्षेप**

### भाजपा ने मनाया पर्यावरण दिवस एवं किया पौधारोपण



**दुर्गुकोंदल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल ने मासिक बैठक एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मंडल की मासिक बैठक से हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनसेवा और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक के बाद शासकीय कँगलु कुम्हार महाविद्यालय एवं आवासीय कन्या विद्यालय दुर्गूकोंदल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय परिवार तथा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन एवं वृक्षारोपण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शकुंतला नरेटी, शिरो कोमरे, मनोज दुग्गा, राहुल जाम्भुरकर, तुलसी मतलाम, सुमित्रा दुग्गा सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पैराडाइज स्कूल में पौधारोपण कर दिया संदेश

**कांकेर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रकृति के संवर्धन एवं संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पौधों में खाद और पानी डालते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, हरियाली और जैव विविधता मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने घरों और आसपास पौधरोपण करने, लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने, पालतू पशुओं की सुरक्षा तथा गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। वहीं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों, वन्य जीवों, पर्वतों, नदियों, तालाबों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रण लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, दिलीप जायसवाल, मीरा सलाम, प्राचार्य रश्मि रजक, वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहें एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ सचिंद्र गोटा के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय में भाजपा मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजा पांडे, जितेंद्र मरकाम, रजिंदर रंधावा, जिला आईटी सेल प्रमुख संकेत नसीने, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अरविंद जैन, भाजयुमो जिला महामंत्री आकाश सोलंकी, रत्नेश सिंह, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य ज्वाला प्रसाद जैन, मंडल मंत्री सुमित्रा साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया,



महामंत्री शकुंतला यादव, कोषाध्यक्ष उर्मिला जसूजा, उपाध्यक्ष सीता चंद्राकर, सरिता देवांगन, गीता ठाकुर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राकेश देवांगन, नरेंद्र सांवले, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डिकेश साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सनीराम कोरेटी, एससी मोर्चा महामंत्री विनोद नाग, जिला सोशल मीडिया प्रमुख भाजयुमो हिमांशु ठाकुर, महामंत्री प्रेम शर्मा, छत्रपाल यदु, रामेश्वर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### कम से कम एक पौधा लगाने का लिया संकल्प



**भानुप्रतापपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएमश्री सेजेस भानुप्रतापपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीआर भारद्वाज, एसएमडीसी अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, एसएमडीसी सदस्य सुमंत कुमार सिन्हा, एसएमडीसी सदस्य प्रवीण कुमार साहू, कमलेश कुमार विनायक, लिगेन्द्र साहू, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### 33 वीं वाहिनी एसएसबी कैवटी ने पौधा रोपण अभियान चलाया



**भानुप्रतापपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कैवटी द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में वाहिनी के अधिकारियों, बलकर्मियों तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। वाहिनी कमांडेंट ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए वृक्ष हैं तो जीवन है, वृक्ष हैं तो भविष्य है का संदेश दिया तथा हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

### एनएसएस ने पौधारोपण करके किया जागरूक

**भानुप्रतापपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। एनएसएस के नोडल अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा क्रीड़ा अधिकारी योगेश यादव ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# योजनाएं कागजों पर नहीं, धरातल पर दिखे, तभी सुशासन तिहार होगा सफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चारामा विकासखंड के ग्राम कोटतरा में जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि योजनाएं कागजों पर नहीं, धरातल पर दिखनी चाहिए और सरपंच की माँग पर तीन निर्माण कार्यो की घोषणा किया परंतु डिप्टी सीएम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद नहीं कर पाएं, जिससे ग्रामीण मायूस नजर आएं।

बस्तर मुन्ने व सुशासन तिहार में आमजनता सीधे मंत्रियों से संवाद करना चाहती है, परंतु ऐसा माहौल कोटतरा में नहीं दिखा। सरपंच के भाषण के बाद सीधे डिप्टी सीएम ने आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ लेने से अछूता न रहे, इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार व बस्तर मुन्ने के तहत शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का संतृप्तिकरण करने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाएं कागजों पर नहीं, लोगों के घरों और धरातल पर फलीभूत होते दिखनी चाहिए। ग्रामीणों को आगे बढ़कर तथा जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान सरपंच की मांग पर उन्होंने ग्राम कोटतरा में नवीन राशन भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृति करने, ग्राम जामबहार के प्राथमिक शाला में बालक-बालिका शौचालय निर्माण हेतु 01 लाख रूपए तथा ग्राम कांटागांव के आंगनबाड़ी भवन में निर्माण कार्य के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए प्रदाय करने की घोषणा की।



### योजनाओं का मिला लाभ

उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, मिनी बीज किट, राशन कार्ड, मछली जाल एवं आईस बॉक्स वितरित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित घर की चाबी हितग्राहियों को सौंपी। इसी तरह उप मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वधान में पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के रस्म अदायगी की गई तथा दो बच्चो का अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा तीन कुपोषित बच्चो को सुपोषण किट वितरित किए तथा चार बच्चो को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### मंच पर बैठे नेताओं का रवैया

आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक कूलर मंच के नेताओं के लिए और दूसरा कूलर आमजनता के लिए लगा था, परंतु मंच पर बैठे नेताओं को इतनी गर्मी लगी कि आमजनता की चिंता किए बिना आमजनता के लिए लगे कूलर को अपनी दिशा की ओर मुड़वा दिया। आमजनता के कार्यक्रम में इस तरह के नेताओं के व्यवहार का सीधा प्रभाव आमजनता पर पड़ता है। जनसेवा करने की बात करने वाले नेताओं के ऐसे व्यवहार से ही सरकार और नेताओं की छवि लगातार खराब होती है। मंच पर बैठे नेताओं ने इस समाचार के बाद सबक नहीं लिया तो आने वाले समय में सड़को पर ही खड़े होने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, मंच भी नहीं मिलेगा।

### उप मुख्यमंत्री ने बड़ेगौरी में जल अर्पण कर संरक्षण का दिया संदेश

चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीणों के समक्ष जल अर्पण कर जल संरक्षण का संदेश दिया और साथ ही स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन की वास्तविकता जानने हितग्राहियों राजिम बाई नेताम और कोता बाई नेताम के घर जाकर उनसे पेयजल की उपलब्धता के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने प्रतिदिन सुबह-शाम टेप नल से नियमित रूप से पानी मिलने की बात कही। उन्होंने सरपंच गमलेश्वरी नेताम की सराहना करते हुए ग्रामीणों के हित के लिए बेहतर कार्य करने की बात कही। इसके उपरांत हाई स्कूल प्रांगण में बेल का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण करने पर संदेश दिया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता केके मरकाम, अतिरिक्त मिशन संचालक ओंकेश चंद्रवंशी, मुख्य अभियंता जीएल लखेरा, डीएफओ रौनक गोयल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा तथा सहायक अभियंता राजेश हिरकने सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता में अपार संभावनाएं, लक्ष्य निर्धारित कर करें तैयारी : डॉ. संजय

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में गुरुवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं एवं मार्गदर्शन विषय पर विशेष कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार शेखर ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में उपलब्ध विविध रोजगार अवसरों, चुनौतियों और संभावनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता केवल समाचार लेखन या रिपोर्टिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और बहुआयामी क्षेत्र बन चुका है। सरकारी क्षेत्र में दूरदर्शन, आकाशवाणी, जनसंपर्क विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, प्रेस सूचना ब्यूरो तथा विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी संस्थानों में पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में



समाचार चैनल, समाचार पत्र, डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल, सोशल मीडिया प्रबंधन, कंटेंट राइटिंग, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है जिसमें समाज सेवा, सम्मान और जनहित में कार्य करने का अवसर मिलता है। एक सकारात्मक और तथ्यात्मक समाचार किसी व्यक्ति, समुदाय अथवा पूरे समाज के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। आर्थिक परिस्थितियां अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बड़ी बाधा नहीं हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति और सहायता योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आवश्यकता केवल मेहनत, समर्पण और सही दिशा में प्रयास करने की है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को जागरूक बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विभाग का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, मीडिया कौशल और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। विभाग लगातार कार्यशालाओं, सेमिनारों, फील्ड विजिट और विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का प्रयास कर रहा है।

# बेलर मशीन से पराली बंडल बनाया व किसानों को प्रबंधन की दी जानकारी

**कांकेर।** खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देने तथा पराली जलाने से होने वाले मिट्टी के नुकसान और वायु प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा किसानों को बेलर मशीन के माध्यम से पराली प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में चारामा विकासखंड के ग्राम रतेसरा में बेलर मशीन से धान की पराली के बंडल बनाने का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि समवर्ती विभागों के संयुक्त प्रयास से किसानों को पराली नहीं जलाने और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में तापमान लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, ऐसे में फसलों के अवशेष जलाने से आग लगने की घटनाओं और प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है। इसके विकल्प के रूप में किसानों को बेलर मशीन तथा वेस्ट डी-कंपोजर जैसी तकनीकों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शन के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के कृषि वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी डॉ. नरेंद्र हरिदास तायडे ने बताया कि बेलर मशीन एक घंटे में लगभग एक एकड़ खेत की पराली से 35 से 40 बंडल तैयार कर



सकती है। जबकि पारंपरिक पद्धति में एक एकड़ खेत की पराली एकत्र करने के लिए लगभग पांच श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है। मशीन के उपयोग से समय और लागत दोनों की बचत होती है तथा पराली का सुरक्षित प्रबंधन भी संभव हो पाता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेश कुमार सोनकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, जो फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा इससे वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी बढ़ती है। उन्होंने किसानों से पराली जलाने के बजाय बेलर मशीन के माध्यम से उसका प्रबंधन करने की अपील की। प्रदर्शन को देखने पहुंचे किसानों ने बेलर मशीन की कार्यप्रणाली में रुचि दिखाई और पराली को न जलाकर खेती एवं अन्य उपयोगों में लेने की बात कही।

### वृक्ष हैं धरती का श्रृंगार व जल है प्रकृति की मुस्कान, जिसकी रक्षा पूजा समान



**कांकेर।** नगर पालिका द्वारा शुक्रवार 5 जून को पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान नगरपालिका कार्यालय परिसर सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा शहर को अधिक हरा-भरा बनाना रहा।नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई। नगर पालिका के पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों एवं मोहल्लों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मांझापारा वार्ड के पार्षद हितेंद्र खटवानी के प्रयास से कोमलदेव क्लब के सामने पौधारोपण किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पार्षद ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बना रहता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लें। पार्षदों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। नगरपालिका के सीएमओ पवन मेरिया ने बताया कि शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए समय-समय पर पौधारोपण अभियान चलाए जाते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

- कांकेर जिला में जगह-जगह पौधारोपण के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

### प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण, संरक्षण की ली शपथ



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरा-भरा एवं सुरक्षित बनाए रखने की शपथ ली तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने कहा कि कांकेर और बस्तर क्षेत्र प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध हैं, लेकिन बढ़ते तापमान और अनियमित मानसून के कारण पर्यावरण और कृषि दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने तथा जल संरक्षण के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग को अपनाने की अपील की। मुख्य वक्ता डॉ. फूल सिंह मरकाम ने पर्यावरण और कृषि के बीच संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है और इसके दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य तक पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल दिव्य ने किया। छात्रा संगीता मवाली ने युवाओं की पर्यावरण संरक्षण में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

## ग्रामीणों को वितरित किए बीज बॉल

# फलदार पौधों का किया रोपण पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय में बीएसएफ ने और ग्राम लोहत्तर में एकल अभियान संघ के द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संकल्प लिया गया और साथ ही बीज बॉल तैयार कर ग्रामीणों को वितरित किए गए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दुर्गुकोंदल स्थित सामरिक मुख्यालय सहित बटालियन के सभी कंपनी संचालन आधारों





(सीओबी) में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया। मुख्य कार्यक्रम 178 वीं बटालियन मुख्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित किया गया, जहां कमांडेंट रवि भूषण के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया।

कमांडेंट रवि भूषण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी



जिम्मेदारी है। वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने और जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र शर्मा, उपसमादेष्टा गुरु चरण सिंह, उपसमादेष्टा मनोज कुमार तथा उपसमादेष्टा आनंद सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने सहभागिता निभाई।

### लोहत्तर में एकल अभियान संघ ने किया पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहत्तर में एकल अभियान संघ दुर्गुकोंदल के तत्वावधान में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार पौधों का रोपण कर हरित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही बीज बॉल तैयार कर ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने कहा कि एक वृक्ष कई पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित बनाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज बघेल, राहुल जाम्भुरकर, यामिनी दीवान, ममता चूरपाल, शिरो बाई, मानमोतिन देहारी, हनेश दीवान, पलवी दीवान, लेशना औरसा, मुकिता कृष्णान, मंजीत औरसा, राधिका औरसा सहित ग्रामीणजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज